01022024-Cha-09_Chandigarh-9 1/31/2024 10:41 PM Page 1

मेयर चुनाव में धांधली का आरोप

आप-कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, पुलिस ने किया बल प्रयोग

चंडीगढ़ में बुधवार को प्रदर्शन करते आप और कांग्रेस कार्यकर्ता। -दैनिक ट्रिब्यून

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 31 जनवरी (हप्र)

शहर में संपन्न हुआ मेयर चुनाव अब भी रण बना हुआ है। बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मेयर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आज नगर निगम का घेराव करने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें निगम बिल्डिंग से कुछ दूरी पर रोक लिया।

इस बात से बौखलाए कार्यकर्ताओं ने भाजपा के साथ ही चंडीगढ़ पुलिस पर भाजपा के इशारों पर काम करने का आरोप लगा दिया। सेक्टर 17 में पुलिस थाने के पास कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने चंडीगढ़ भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। आप और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस स्टेशन 17 जाने से पहले ही बैरिकेड्स लगाकर रोक लिया गया था, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़कर आगे जाने का प्रयास किया तो पुलिस को मजबूरन बल का प्रयोग करना पड़ा।

आप और कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार प्रिजाइडिंग ऑफिसर अनिल मसीह को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रिजाइडिंग अफसर ने मेयर चुनाव में धांधली की है। इसके बाद अपना मांगपत्र लेकर सेक्टर 17 पुलिस स्टेशन की ओर रवाना हुए। हालांकि थाने पहुंचने से पहले ही पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड्स लगाकर कार्यकर्ताओं को रोक दिया था। इसके बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया। इसके बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सभी पार्षद, कांग्रेसी नेता पवन बंसल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एचएस लक्की और आम आदमी पार्टी के सह-प्रभारी एसएस अहलूवालिया को थाने के अंदर मांग पत्र देने जाने की अनुमति दे दी गई थी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल ने कहा कि जिस प्रकार प्रिजाइडिंग अफसर ने अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते हुए एक पार्टी को फायदा पहुंचाया है और उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है। इससे लोकतंत्र को हानि हुई है। उन पर तुरंत मुकदमा दर्ज होना चाहिए, नहीं तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ यहां पर धरना देंगे। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ सनी आहलूवालिया ने सेक्टर-17 पुलिस थाने में पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एसएचओ से मुलाकात की और उन्हें मेयर चुनाव में धांधली से संबंधित वीडियो और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सौंपी। उन्होंने इस संबंध में एसएसपी से भी मुलाकात की और अनिल मसीह पर कार्रवाई करने की मांग की।

पारदर्शिता से हुआ चुनाव : मल्होत्रा

चंडीगढ़ में बुधवार को पत्रकारो को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र पाल मल्होत्रा। -दैनिक ट्रिब्यून

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने चंडीगढ़ में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों की जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों, भाजपा की नीतियों तथा विचारधारा की जीत बताया है और साथ ही साथ इसे इंडिया गठबंधन के पतन की शुरूआत बताया है। बुधवार को भाजपा कार्यालय कमलम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद जैन, महामंत्री हुकम चंद तथा पार्षद कुलवंत सिंह बिल्लू उपस्थित रहे। मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की जीत मोदी की गारंटी तथा भाजपा की नीतियों तथा विचारधारा की जीत है। इस जीत से गठबंधन की पोल खुल गई है। यह उनके पतन की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि शहर के पार्षद शहर का विकास चाहते हैं तथा विकास केवल भाजपा द्वारा ही संभव है, इसलिए ये पार्षद नहीं चाहते थे कि आम आदमी पार्टी का मेयर बने। इसके अलावा कांग्रेस स्वयं भी नहीं चाहती थी कि आम आदमी पार्टी का मेयर बने। उन्होंने कहा कि यह बेमेल का गठबंधन था तथा दो व्यक्तियों का गठबंधन था जो टांय टांय फिस्स हो गया है। एक सवाल के जवाब में मल्होत्रा ने कहा कि जो इल्जाम लगाए जा रहे है वो सब झूठे हैं, सब कुछ ट्रांसपेरेंट हुआ। पूरी प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट हो रहा था। ऐसे में कोई गड़बड़ी कैसे कर सकता है। मल्होत्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि हमारी कुल 16 वोट थी जो हमें मिली हैं। हमने किसी प्रकार की कोई खरीद फरोख्त नहीं की, जो खेला किया है, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने किया है। पार्षद खुद इन दो व्यक्तियों के गठबंधन से दुखी थे। इसलिए वोट खराब कर दी।

प्रधानमंत्री ने ली है स्वास्थ्य व पढ़ाई की गारंटी : असीम

अम्बाला शहर, 31 जनवरी (हप्र)

विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि स्वास्थ्य और पढ़ाई की गारंटी प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ली हुई है। इसी के तहत हरियाणा प्रदेश में 2 करोड़ 70 लाख की आबादी के तहत 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। गोयल आज वार्ड नंबर 9 के पुरानी गुड़ मंडी में आयोजित कार्यक्रम को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे विधायक गोयल ने सबसे पहले कार्यक्रम में आये लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।

विधायक ने बताया कि इस यात्रा से जहां लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है वहीं लोगों की समस्याओं का भी हल हो रहा है। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने 2014 में मोदी सरकार को चुना था, सरकार उस विश्वास पर खरा उतरी है। इस मौके पर अमन सूद, मुकेश जिंदल, यशपाल बहल, प्रदीप कुमार, रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, कार्यकारी अभियंता नगर निगम एलसी चौहान आदि मौजूद रहे।

अम्बाला शहर में बुधवार को संकल्प यात्रा के दौरान एक पात्र को योजना का लाभ देते विधायक असीम गोयल। -हप्र

निरंतर मेहनत से मिलती है सफलता : नंदिता

कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग पर व्याख्यान आयोजित

पंचकूला, 31 जनवरी (हप्र)

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 में बुधवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रेरक व्याख्यान कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग विषय पर करवाया गया जिसमें पंजाब राज्य की सबसे युवा जज नंदिता ने वक्ता के तौर पर शिरकत की। सेमिनार हॉल में आयोजित इस व्याख्यान में उन्होंने कहा कि हम सब में कुछ ना कुछ विशेष क्वालिटी होती है,बस हमें उसे पहचान कर उस पर काम करने की जरूरत होती है। यदि आप कॉलेज के इन तीन सालों का सही तरीक़े से उपयोग करते हैं तो सारी ज़िंदगी आराम से गुजार सकते हैं। अपनी सफलता के रास्ते का जिक्र करते हुए कहा कि जितना आप अपने आपको अनुशासित और संयमित रखते हैं उतना ही आप सफलता के क़रीब जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य यशपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित करके उस पर मेहनत और लगन के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अपराजिता ने कहा कि ये हर माता पिता के लिए गर्व का अवसर होता है कि उन्हें उनके बच्चों के नाम से पहचाना जाए और इसके लिए उन्होंने नंदिता को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि बहुत से विधार्थियों के प्रेरणा दे रही हैं।

इस अवसर पर डॉ . वन्दिता शर्मा, डॉ. प्रेम लता, डॉ. राजबाला, डॉ. मीनू,डॉ. पूजा,डॉ. शीतल,डॉ. रेखा पुनिया, डॉ. शैलजा उपस्थित रहीं। मंच का संचालन कुसुम द्वारा किया गया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

SR. NO.	NAME OF BOARD/ CORP./ AUTH	NAME OF WORK NOTICE TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE	AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES	WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH	NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL
1	DHBVN	RENOVATION OF WASHROOM AND OTHER CIVIL WORKS AT DATA CENTRE VIDYUT NAGAR HISAR..	25.01.2024 05.02.2024	35.53 LACS	www.dhbvn.org.in	9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in
2	DHBVN	HIRING OF 1 NO. VEHICLE ON OUTSOURCED BASIS UNDER XEN CONSTRUCTION DIVISION DHBVN SIRSA FOR A PERIOD OF TWO YEARS UNDER DHBVN NIT NO.2/XEN/CONST/SRS/2023-24 DATED 31.01.24	02.02.2024 13.02.2024	5.56 LACS	www.dhbvn.org.in	9813365444 xenconstsirsa1@dhbvn.org.in

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH/13/2024/40/24575/I/11/4

शिक्षित युवा-सम्मानित व कुशल हुआ

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा

कौशल भवन, प्लॉट नं. आईपी-2, सेक्टर-3, माजरी चौक, पंचकूला

www.itiharyana.gov.in

आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप करने का सुनहरा अवसर

हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कारपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रैंटिस लगने के लिए आईटीआई पास इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रैंटिस लगने हेतु पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2024 की प्रथम अनुसूची के द्वितीय चरण के लिए दिनांक 12.02.2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा जिसका विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट **www.itiharyana.gov.in** पर उपलब्ध है। आई.टी.आई. पास उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी हो या दसवीं कक्षा हरियाणा राज्य से पास की हो या उम्मीदवार चंडीगढ़ (यू.टी.) का स्थाई निवासी हो और उसने हरियाणा या चंडीगढ़ में स्थित किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी. के तहत आई.टी.आई. कोर्स पास किया हो। प्रत्येक प्रतिष्ठान में अप्रैंटिसशिप हेतु उपलब्ध सीटों के प्रति 20 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एवं 27 प्रतिशत सीटों के प्रति पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की Email I.D., अपना मोबाइल नं. व अपना आधार नंबर सही दर्ज करें। पोर्टल द्वारा सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ई.मेल./मोबाइल नं. पर ही भेजी जाएंगी। किसी भी जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई.टी.आई. संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

PRDH/1065/11/106/2024/24576/11/4

महानिदेशक।

खबर है...

रीकृत सिराय हुए सम्मानित

पंचकूला (हप्र) : सतलुज पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 और 4 पंचकूला ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सफलता को बरकरार रखा है। स्कूल ने इस बार पंचकूला में नंबर 1 रैंक, हरियाणा में नंबर 1 और सीबीएसई डे-स्कूलों में भारत में प्रभावशाली नंबर 3 हासिल किया है। स्कूल के प्रबंध निदेशक रीकृत सिराय को एजुकेशन टुडे द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड 2023 में 'मोस्ट स्ट्रैटेजिक लीडर' की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। इसका श्रेय सतलुज परिवार के प्रत्येक सदस्य की अथक मेहनत और अटूट समर्पण को जाता है। प्रबंध निदेशक रीकृत सिराय ने कहा कि इस सफलता पर वह छात्रों के साथ गर्व से खड़े हैं और सतलुज पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में पूरे जिले का नाम रोशन कर रहा है।

सतलुज स्कूल के प्रबंध निदेशक रीकृत सिराय। -हप्र

यूथ फेस्टिवल में छाए जीएमएन के विद्यार्थी

अम्बाला (हप्र) : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में किया गया। इसमें 70 से ज्यादा महाविद्यालय के 4 जोन के प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दीं । जोनल युवा महोत्सव की तरह ही इंटर जोनल युवा महोत्सव में भी जीएमएन महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत ने कहा कि इस जीत का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापको के कुशल नेतृत्व को जाता है। महाविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग संयोजक डॉ. राजेन्द्र देशवाल ने बताया कि जीएमएन कॉलेज के प्रतिभागियों ने मिमिक्री में प्रथम और फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो में प्रथम स्थान हासिल किया। क्लासिकल डांस, फोक सॉन्ग जनरल, लाइट वोकल, इंडियन, ग्रुप डांस जनरल, फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में कॉलेज ने द्वितीय स्थान हासिल किया एवं क्लासिकल वोकल सोलो और वेस्टर्न वोकल सोलो में तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रोफेसर भूप को मिलेगा लाइफ-टाइम अचीवमेंट पुरस्कार

मनीमाजरा (चंडीगढ़) (हप्र) : प्रोफेसर भूपिंदर सिंह भूप को हाल ही में पंजाब एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएएस) द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में विशेष रूप से फार्मास्युटिकल साइंसेज में योगदान और नैनोस्ट्रक्चर्ड ड्रग डिलीवरी सिस्टम पर व्यापक अग्रणी शोध कार्य के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार डॉ. भूप को 7 फरवरी को देशभगत विश्वविद्यालय, मंडीगोबिंदगढ़ (पंजाब) में आयोजित होने वाले 27वें पंजाब विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में प्रदान किया जाएगा। वे पहले फार्मा वैज्ञानिक होंगे जिन्हें 1996 में अपनी स्थापना के बाद से अकादमी द्वारा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ड्रग नैनोकैरियर सिस्टम के क्यूबीडी-सक्षम विकास पर अपने शोध कार्य के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध प्रोफेसर भूप को 16 पुस्तकों, 8 पेटेंट (3 स्वीकृत) और तकनीक सहित 430 से अधिक प्रकाशनों का श्रेय प्राप्त है। उन्होंने 34 पीएचडी और 11 पोस्ट-डॉक्टरेट सहित 110 से अधिक शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन किया है, और सरकारी और कॉरपोरेट क्षेत्रों से 7.30 करोड़ से अधिक का अनुसंधान अनुदान अर्जित किया है।

प्रोफेसर भूपिंदर सिंह

वीआईपी इलाकों से बुलेट चुराने का आरोपी काबू

मनीमाजरा (चंडीगढ़) (हप्र) : चंडीगढ़ पुलिस ने शहर के वीआईपी इलाकों से बुलेट मोटरसाइकिल चुराने वाले एक आरोपी को काबू किया है। यह आरोपी रात को अपने दोस्त के साथ गाड़ी में बैठकर रेकी करता था। इसके बाद घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चुरा लेता था। आरोपी की पहचान फाजिल्का निवासी रोहित कंबोज (29 साल) के रूप में हुई है। पुलिस अब आरोपी से इसके दोस्त की बारे में पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस को आरोपी से पूछताछ में कई और मामलों के सुलझने की संभावना है। पुलिस को प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि आरोपी चंडीगढ़ से मोटरसाइकिल चुराकर फाजिल्का और फिरोजपुर ले जाता था। वहां पर उसे सस्ते दामों में बेच देता था।

पिंजौर में लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

बीडीपीओ कार्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देते मुख्य अतिथि चेयरमैन कृष्ण लांबा एवं अन्य। -निस

पिंजौर, 31 जनवरी (निस)

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में आज बीडीपीओ कार्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया और मौके पर ही उनकी समस्याओं का निवारण किया गया। नगर परिषद कालका चेयरमैन कृष्ण लाल लांबा मुख्यातिथि थे। उनके साथ कालका की पूर्व विधायक व राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा भी उपस्थित थीं। कृष्ण लाल लांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीमें शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका लाभ सीधा लोगों को मिल रहा है।

बार काउंसिल के निर्णय से वकीलों में खुशी

पंचकूला, 31 जनवरी(हप्र)

हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ तीन प्रदेशों की बार काउंसिल द्वारा 45 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए वकालत करने के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस की निर्धारित फीस से अलग अतिरिक्त 1 लाख रुपए फीस बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। अब इस निर्णय को बदलकर 20 हजार रुपए फीस कर दी गई है और सेवानिवृत्त होने के उपरांत लॉ डिग्री करने वालों के लिए फ्रेश फीस निर्धारित की है। बार काउंसिल के इस निर्णय से हरियाणा प्रदेश के वकीलों ने आभार प्रकट किया है। इसी विषय में एडवोकेट वेलफेयर फोरम कुरुक्षेत्र के सदस्यों के एक शिष्टमंडल ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कानूनी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपप्रधान एडवोकेट विजय बंसल और बार एसोसिएशन जिला पंचकूला प्रधान जगपाल को ज्ञापन देकर 45 वर्ष से ऊपर लोगों के लिए अतिरिक्त एक लाख रुपए की फीस लगाने के निर्णय को वापस करवा कर वकालत के इस पेशे में आने वाले लोगों को राहत दिलाने की मांग की थी। एडवोकेट वेलफेयर फोरम के शिष्टमंडल में चत्तर सिंह जांगड़ा, भूषण पाल मंगल, नराताराम, वेद प्रकाश, कृष्ण गंगा, सुरेंदर मलिक, बाबू राम चौधरी, तरसेम मित्तल आदि अन्य वकील शामिल थे। शिष्टमंडल को आश्वासन देते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगपाल और एडवोकेट विजय बंसल ने कहा था कि वे इस विषय में जिला बार एसोसिएशन के साथ मिलकर बार काउंसिल पदाधिकारियों के समक्ष इस मांग को रखकर वकालत के पेशे में आने वाले लोगों को राहत दिलवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

विजय बंसल

अमरूद बाग घोटाला : एचडीओ जसप्रीत पुलिस रिमांड पर

मोहाली, 31 जनवरी (हप्र)

अमरूद बाग घोटाले में विजिलेंस ने गिरफ्तार किए बागवानी विकास अधिकारी जसप्रीत सिंह सिद्धू को बुधवार को मोहाली अदालत में पेश किया। विजिलेंस ने अदालत में तर्क रखा कि आरोपी ने रिकार्ड के साथ काफी छेड़छाड़ की है। उसने सर्वे रिपोर्ट गलत बनाई थी । उस बारे में पूछताछ करनी है। अदालत ने दलील सुनने के बाद सिद्धू को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। जिक्रयोग है कि अमरूद बाग मुआवजा घोटाला मामले में विजिलेंस ने मोहाली जिले के खरड़ और डेराबस्सी में तैनात बागवानी विकास अधिकारी (एचडीओ) जसप्रीत सिंह सिद्धू को मंगलवार को मोहाली से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी जसप्रीत अमरूद बाग के मुआवजे संबंधी करोड़ों रुपये के घोटाले में आरोपी है। विजिलेंस इस मामले में अब तक 21 आरोपियों को दबोच चुकी है। जसप्रीत सिंह सिद्धू ने 1 सितंबर 2023 को हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत ली थी। ब्यूरो ने उसकी आगामी जमानत याचिका का विरोध किया था। उसकी हिरासती पूछताछ के लिए लंबी और विस्तृत दलीलों के दौरान जवाब के तौर पर 3 जवाबी हलफनामे दायर किए गए थे। हाईकोर्ट ने 23 जनवरी को आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। याचिका खारिज होते ही आरोपी फरार हो गया था।

हड़ताल फिर बढ़ी, आम नागरिक परेशान

अम्बाला शहर, 31 जनवरी (हप्र)

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर एक बार फिर से हड़ताल 2 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। पटवार खाना में आज हड़ताल, धरने और प्रदर्शन पर चल रहे रेवेन्यू पटवार की हड़ताल आगे बढ़ाए जाने से आम नागरिकों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं। रेवेन्यू पटवार यूनियन के हड़ताल पर होने से लोगों की जमीन का न तो इंतकाल हो पा रहा है और न ही जमाबंदी आदि ही मिल रही है। जिन लोगों के बैंकों से ऋण पास हो गए हैं उन्हें भी जमाबंदी आदि नहीं मिलने से ऋण नहीं मिल पा रहे हैं।

यूनियन के जिला प्रधान पवन कुमार व जिला सचिव राजेश कुमार के अनुसार पे स्केल को लेकर पटवारियों ने यह धरना शुरू किया हुआ है। इसके अलावा उनकी मांगों में नई भर्तियां करना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि वे सरकार की वायदा खिलाफी व हठधर्मिता से खफा होकर धरना व प्रदर्शन कर रहे हैं।

अम्बाला शहर में बुधवार को पटवार खाना में धरने पर बैठे कानूनगो एवं पटवारी। -हप्र

सार्वजनिक सूचना

कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

ओ टी–14, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंडस, सेक्टर–76, फरीदाबाद 121004, हरियाणा

दूरभाषः 0120–4492–650 वेबसाइटः **www.bptp.com**

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक, नगर एवं ग्राम योजना निदेशालय, हरियाणा, चंडीगढ़ **("डीटीसीपी")** के लिए जिला नगर योजनाकार (मुख्यालय) द्वारा जारी मेमो नंबर ZP-416-Vol.II/AD(GK)/2024/3294 दिनांक 30.01.2024 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

जबकि कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने, 16.331 एकड़ ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी जिसका नाम **"डिस्कवरी पार्क"** सेक्टर-80, फ़रीदाबाद है, जिसका लाइसेंस नंबर 44/2008/ दिनांक 07.03.2008 है, के एक हिस्से के रूप में दो आवासीय टावरो यानी टावर ए और टावर बी विकसित किए हैं, और डीटीसीपी ने उपर्युक्त मेमो नंबर ZP-416-Vol.II/AD(GK)/2024/3294 दिनांक 30.01.2024 के माध्यम से सैद्धांतिक अनुमोदन/अन्तरिम ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट जारी किया है।

और जबकि टॉवर "ए" में 86 स्वीकृत आवास इकाइयों के मुकाबले कुल 88 आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है। पहले से स्वीकृत भवन योजना के अनुसार, टॉवर ए में पहली मंजिल पर शुरुआत में 4आवास इकाइयों के निर्माण की मंजूरी दी गई थी, जबकि हमने स्टिल्ट फ्लोर की ऊंचाई कम करते हुए 6 आवास इकाइयों का निर्माण किया है। इसी प्रकार टॉवर "बी" में 140 स्वीकृत आवास इकाइयों के मुकाबले कुल142 आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है। पहले से स्वीकृत भवन योजना के अनुसार, टॉवर बी में पहली मंजिल पर शुरुआत में 6 आवास इकाइयों के निर्माण की मंजूरी दी गई थी, जबकि हमने स्टिल्ट फ्लोर की ऊंचाई कम करते हुए 8 आवास इकाइयों का निर्माण किया है।

और जबकि उपरोक्त परिवर्तनों के परिणामस्वरूप भवन योजना में संशोधन हुआ है, हालांकि न तो टावर की ऊंचाई, न ही ग्राउंड कवरेज में वृद्धि हुई है और इसके अलावा हरित क्षेत्र भी अपरिवर्तित रहा है। टावर्स "ए" और "बी" में अन्य सभी मंजिलों पर स्वीकृत आवास इकाइयाँ अपरिवर्तित रही हैं । हरित क्षेत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और इकाइयों को उपलब्ध एफएआर और घनत्व मानदंडों के भीतर ही बढ़ाया गया है। इकाइयों में वृद्धि से किसी भी बेची गई/बिना बिकी आवास इकाइयों के क्षेत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

और जबकि, उपरोक्त के मद्देनजर, डीटीसीपी ने उपर्युक्त मेमो के द्वारा हमें समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से टावर "ए" और "बी" के मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने के लिए एक सार्वजनिक सूचना जारी करने का निर्देश दिया है, जिसमें प्रोजेक्ट "डिस्कवरी पार्क" के टावर ए और बी की पहले से स्वीकृत भवन योजना में संशोधन के बारे में सूचित किया जाये।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उपरोक्त लाइसेंस के तहत विकसित की जा रही ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के टावर "ए" और टावर "बी" के पूर्व अनुमोदित भवन योजना में संशोधन के बारे में, हम टॉवर-"ए" और "बी" के मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित कर रहे हैं।

पूर्व अनुमोदित भवन योजनाओं और संशोधित यथा-निर्मित योजनाओं (सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित) की एक प्रति हमारी वेबसाइट यानी **"www.bptp.com"** पर उपलब्ध है और इसे हमारे उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर नियोजक कार्यालय, फ़रीदाबाद में भी देखा जा सकता है।

यदि उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी (लाइसेंस संख्या 44/2008 दिनांक 07.03.2008 के तहत विकसित) के टावर "ए" और टावर "बी" में किसी यूनिट के किसी भी मौजूदा आवंटी को टावर "ए" और टावर "बी" के पहले से अनुमोदित भवन योजना में संशोधन पर कोई आपत्ति/सुझाव है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -12, फ़रीदाबाद के कार्यालय में अपनी आपत्ति/सुझाव दर्ज कर सकते हैं, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि मौजूदा आवंटियों में से किसी को भी भवन योजना में प्रस्तावित संशोधन/संशोधन पर कोई आपत्ति/सुझाव नहीं है।

स्थान : फ़रीदाबाद
दिनांक : **01.02.2024**

रोहित मोहन
कृते कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड